दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 24 दिसंबर 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-04, अंक- 87

## केंद्र सरकार ने ओमिक्रॉन के खतरे से सतर्क रहने की दी सलाह

**» राज्यों को रात्रि कर्फ्यू समेत जरुरी उपायों करने को कहा**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना के तीव्र संक्रामक वैरिएंट ओमिक्रॉन की दस्तक के बाद उसके फैलाव को देखते हुए गुरुवार को केंद्र न सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को आगाह किया। केंद्र सरकार ने कहा कि इस वैरिएंट को फैलने से रोकने के लिए सभी एहतियात बरती जाएं। सारी सावधानियों का पालन करते हुए भीड़ नियंत्रण के उपाय करें और आगामी त्योहारों को देखते हुए रात्रिकालीन कर्फ्यू समेत अन्य उपाय किए जाएं।

राज्यों को जिलों में नए मामलों के समूहों की निगरानी करने की सलाह दी गई है। केंद्र ने राज्यों को आगामी त्योहारी सीजन से पहले स्थानीय स्तर पर प्रतिबंध लगाने की सलाह दी है। केंद्र ने कहा है कि राज्य बड़े आयोजनों के लिए सख्त नियम लागू कर सकते हैं। कंटेनमेंट को लेकर राज्यों को



सलाह दी गई है कि जहां ज्यादा मरीज मिल रहे हैं, वहां कंटेनमेंट जोन और बफर जोन अधिसूचित करें। केंद्र ने कहा कि राज्य पहले टीके की खुराक का 100 फीसदी टीकाकरण सुनिश्चित करें और फिर दूसरे डोज के पात्र लोगों को तेजी से वैक्सीन लगाए।

**चुनावी राज्यों को दिए ये निर्देश-** केंद्र ने उन राज्यों, जहां निकट भविष्य में चुनाव होने जा रहे हैं, को निर्देश दिया कि वे कोविड-19 टीकाकरण को तेजी से पूरा करें। जिन जिलों में कम टीकाकरण हुआ है, वहां ओमिक्रॉन वैरिएंट के खतरे को देखते हुए वंचित तबकों को जल्दी से टीके लगाएं। केंद्र ने गुरुवार को मतदान वाले राज्यों के प्रशासन को कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण में तेजी लाने के लिए कहा कि खासकर उन जिलों में जहां अब तक टीकाकरण का कवरेज कम रहा है। केंद्र ने प्रशासन से कोरोना के खिलाफ बिना टीका पाए लोगों की रक्षा के लिए जल्द से जल्द टीका लगाने का निर्देश दिया है। केंद्र की ये सलाह उस दिन आई जब देश में कोरोना वायरस के अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रॉन वैरिएंट के प्रसार के साथ-साथ दैनिक कोविड-19 के आंकड़ों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसको लेकर दिन में समीक्षा बैठक की गई थी।

**इन राज्यों पर ज्यादा ध्यान-** उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और गोवा सहित कई राज्यों में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव की तैयारी के साथ, कई जगहों पर चुनाव प्रचार जोर-शोर से शुरू हो गया है और रैलियों में बड़ी भीड़ दिखाई देने लगी है। डर है कि इनमें से कोई भी जगह कोरोनावायरस के प्रसार के लिए संभावित हॉटस्पॉट में बदल सकती है। इसी को देखते हुए केंद्र ने गुरुवार को चुनाव वाले राज्यों के प्रशासन को पत्र लिखकर कहा है कि कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण में तेजी लाई जाए, विशेष रूप से उन जिलों में जहां अब तक कम कवरेज देखा है ताकि कमजोर आबादी की रक्षा की जा सके।

**टीकाकरण में तेजी लाएं राज्य-** केंद्र ने राज्यों से उन लोगों के लिए 100 प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के लिए भी कहा, जिन्हें अभी तक वायरस के खिलाफ अपनी पहली खुराक भी नहीं मिली है और दूसरी खुराक के पात्र लाभार्थियों के टीकाकरण में तेजी लाने के लिए भी कहा है। केंद्र ने उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जहां टीकाकरण कवरेज राष्ट्रीय औसत से नीचे है, घर-घर टीकाकरण अभियान को मजबूत करने का आह्वान किया।

## सुरक्षाबलों ने आतंकियों की बड़ी साजिश को किया नाकाम, कंटेनर में रखा 5 किलो आईईडी बम किया बरामद



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के वानपोरा में नेवा-श्रीनगर रोड के किनारे से पुलवामा पुलिस और सीआरपीएफ ने विस्फोटक बरामद किया है। करीब पांच किलो आईईडी बम एक कंटेनर में रखा हुआ था। सेना और स्थानीय पुलिस के बम निरोधक दस्ते ने इसे निष्क्रिय कर दिया है। इसके साथ ही, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों को वानपोरा में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलवामा पुलिस, 50 आरआर और 183 बीएन सीआरपीएफ द्वारा संयुक्त रूप से एक तलाशी अभियान शुरू किया गया था। तलाशी के दौरान सड़क के किनारे आईईडी लगी हुई मिली। जिसके बाद कुछ संदिग्धों को पूछताछ के लिए उठाया गया है। समय पर कार्रवाई से बड़ा हादसा होने से टल गया। हाल ही में सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए हाईवे पर उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के लोलाब इलाके में आतंकियों द्वारा लगाई गई आईईडी को सुरक्षा बलों ने निष्क्रिय कर बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। दहशतगर्दों ने सड़क किनारे दो किलो आईईडी लगाई थी। विशेष सूचना के बाद सेना की टीम ने संदिग्ध आईईडी को खोजने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया था।

## 5जी नेटवर्क : जूही चावला की अपील पर दिल्ली हाईकोर्ट 25 जनवरी को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली उच्च न्यायालय 5-जी टेलीकॉम टेक्नोलॉजी मामले में फिल्म अभिनेत्री जूही चावला की एकल पीठ के फैसले के खिलाफ दाखिल अपील पर गुरुवार को सुनवाई के लिए सहमत हो गई। न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति जसमीत की खंडपीठ ने जूही चावला द्वारा एकल पीठ के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिका पर विचार करने के लिए 25 जनवरी की तारीख मुकर्रर की।

जूही चावला की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद ने इस मामले में तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई गई थी, जिसे अदालत ने अस्वीकार कर दिया। अदालत ने कहा कि यह मामला तत्कालिक सुनवाई के लिए आवश्यक नहीं। अभिनेत्री और पर्यावरण के लिए काम करने वाली जूही चावला एवं अन्य दो ने 5जी टेक्नोलॉजी को पर्यावरण और लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बताते हुए इसके खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका को न्यायमूर्ति जे आर मिर्धा की एकल पीठ में 04 जून को गैर जरूरी बताते हुए खारिज कर दिया था। एकल पीठ ने इससे सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की श्रेणी वाली याचिका मानते हुए याचिकाकर्ताओं जूही चावला एवं अन्य दो पर अदालत का समय जाया करने पर 20 लाख रुपए का बतौर हर्जाना देने का आदेश दिया था। इसी फैसले के खिलाफ जूही चावला ने अब दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील की है।

## कांग्रेस में फिर बगावत, हरीश रावत समेत उत्तराखंड के सभी बड़े नेता दिल्ली तलब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस हाई कमान ने उत्तराखंड के तमाम दिग्गज कांग्रेसी नेताओं को दिल्ली तलब कर लिया है। गुरुवार को देर शाम तक उत्तराखंड कांग्रेस के सभी बड़े नेता दिल्ली पहुंचेंगे और इसके बाद हाई कमान के साथ विचार विमर्श होगा। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल जैसे नेता दिल्ली जाएंगे और शुक्रवार को आलाकमान के साथ उस विवाद को लेकर बातचीत हो सकती है, जो उत्तराखंड के चुनाव कैंपेन कमेटी के प्रभारी हरीश रावत के



बुधवार के सिलसिलेवार ट्वीट्स के बाद खड़ा हुआ।

सोशल मीडिया पर हरीश रावत ने पार्टी के भीतर गुटबाज़ी को लेकर दुख जताते हुए लिखा था कि उनके संगठन के लोग ही उनके काम में अड़चन बन रहे हैं। रावत की नाराज़गी उनके अधिकारों में हस्तक्षेप और पाबंदियों को लेकर रही है, जिसके बारे में रावत ने साफ संकेत देते हुए लिखा था कि वह राजनीति से संन्यास या कांग्रेस पार्टी से अलग होने के बारे में विचार कर रहे हैं। एक तरह से कांग्रेस को चेतावनी देते हुए रावत ने लिखा था कि वह नये साल में कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं। इसके बाद से ही उत्तराखंड की राजनीति में हड़कंप सा मचा हुआ है।

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने हरीश रावत के ट्वीट्स के जवाब में एक ट्वीट करते हुए लिखा, 'आप जो बोते हैं, वही काटते हैं। हरीश रावत जी, आपको भविष्य के उद्यमों (अगर कुछ हैं भी तो) के लिए शुभकामनाएं.' इससे पहले भाजपा ने कटाक्ष करते हुए बुधवार को कहा था कि हरीश रावत कांग्रेस पार्टी के लिए उत्तराखंड के कैप्टन अमरिंदर सिंह हो सकते हैं।

रावत के ट्वीट्स के बाद हालांकि प्रीतम सिंह की ओर से बयान आया था कि उन्हें रावत की नाराज़गी का कारण पता नहीं है। माना जा रहा है कि कांग्रेस की आपसी गुटबाज़ी और अंतर्कलह का कारण विधानसभा चुनाव में टिकटों का बंटवारा है और उत्तराखंड कांग्रेस के दोनों प्रभावशाली गुट इसे वर्चस्व की लड़ाई बना चुके हैं।

## छत्तीसगढ़ के 15 नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस का दबदबा

**» रिसाली, भिलाई नगर निगम में कांग्रेस का कब्जा**

**» चरोदा और बिरगांव नगर निगम में किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में 15 नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस का दबदबा रहा। मतगणना के बाद देर शाम को आये रूझान के अनुसार 04 नगर निगम में कांग्रेस ने रिसाली और भिलाई में लगभग पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है, वहीं चरोदा-भिलाई और बिरगांव में किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाया है। यहां 40 सीटों में से कांग्रेस को 29, भाजपा को 10, जनता कांग्रेस छग को 05 एवं अन्य 06 निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। नगर पालिका परिषद की 05 सीटों में भी कांग्रेस का ही दबदबा दिखा। कांग्रेस ने 03 सीटों पर बढ़त बनाये हुए है, जबकि 01 सीट पर भाजपा और 01 सीट पर दोनों दल बराबर सीटें हासिल की है। नगर पंचायत की सभी 06 सीटों पर भी कांग्रेस का दबदबा रहा।

प्रदेश में आज 15 नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतगणना हुई। मतगणना के प्रथम चरण से कांग्रेस ज्यादातर सीटों पर आगे रही। नगर निगम बिरगांव का सबसे पहले चुनाव परिणाम घोषित किये गये। बिरगांव के 40 सीटों में से 19 सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों ने जीत हासिल की,जबकि 10 सीटों पर भाजपा, 05 सीटों पर जनता कांग्रेस छग एवं 06 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। मतगणना स्थल अडवानी ऑर्लिकॉन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बीरगांव में रिटर्निंग ऑफिसर बी.बी पंचभाई ने यहां के चुनाव परिणाम घोषित किये। मतगणना केन्द्र बीरगांव में प्रेक्षक श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार भी उपस्थित थे।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रिसाली नगर निगम में 40 सीटों में 21 सीटों पर कांग्रेस, 12 सीटों पर भाजपा एवं 07 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे। चरोरा-भिलाई में 40 सीटों में से 19 सीटों पर कांग्रेस, 14 सीटों पर भाजपा एवं 06 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी एवं शेष 01 सीट पर परिणाम आने अभी शेष है। भिलाई नगर निगम में भी 70 सीटों में से कांग्रेस 38, भाजपा 20 एवं 10 निर्दलीय के आने की जानकारी मिल रही है, 02 सीट पर परिणाम आने बाकी है। बिरगांव नगर निगम को छोड़कर अन्य 03 नगर निगमों में परिणाम की घोषणा नहीं की गई है, जिससे इन सीटों विजयी प्रत्याशियों की संख्या कम-ज्यादा हो सकती है।

इसी प्रकार नगर पालिका परिषद की 05 सीटों में से बैंकुंठपुर, शिवपुर-चरचा एवं सारंगढ़ में कांग्रेस ने बढ़त बनायी हुई है, जबकि जामुल में भाजपा की बढ़त है, वहीं खैरागढ़ में बराबरी पर चल रहे थे।

**गोबरा-नवापारा में भाजपा की जीत:-** नगर पालिका परिषद् गोबरा-नवापारा के एक वार्ड क्रमांक 14 राधाकृष्ण वार्ड के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की। शासकीय हरिहर उच्चतर माध्यामिक स्कूल के मतगणना केन्द्र में रिटर्निंग ऑफिसर गोबरा-नवापारा निर्भय साहू ने मतगणना के उपरांत परिणाम घोषित किया और विजेता अभ्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

## 2025 तक बंद हो जाएंगे बेल्जियम के परमाणु संयंत्र

**ब्रसेल्स।** बेल्जियम की सरकार ने फैसला किया है कि 2025 तक देश के सभी सातों परमाणु रिएक्टर बंद कर दिए जाएंगे. हालांकि देश पूरी तरह से परमाणु ऊर्जा को अलविदा नहीं कहेगा. आधुनिक परमाणु टेक्नोलॉजी पर काम चलता रहेगा.इस विषय पर बेल्जियम की गठबंधन सरकार के सदस्य दलों में पूरी रात चली बातचीत के बाद सहमति बनी. समझौते के अनुसार छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर करीब 10 करोड़ यूरो का निवेश भी किया जाएगा. देश में 2003 में ही एक कानून बना दिया गया था जिसके तहत परमाणु ऊर्जा को धीरे धीरे पूरी तरह से बंद करना अनिवार्य है.

इसकी अंतिम तिथि साल 2025 है. अक्टूबर 2020 में जब मौजूदा सात पार्टियों की मिली जुली सरकार का कार्यकाल शुरू हुआ था तब भी सरकार ने इस लक्ष्य को हासिल करने का वादा किया था. परमाणु ऊर्जा को पूरी तरह से ना नहीं लेकिन इस मुद्दे पर अभी तक गठबंधन में सहमति नहीं बन पाई थी. फ्लेमिश मूल के ग्रीन पार्टी के ऊर्जा मंत्री टिन वान डर स्ट्रैटेन ने पूरी तरह से परमाणु ऊर्जा का दामान छोड़ देने का सुझाव दिया था लेकिन फ्रांसीसी भाषा बोलने वाली लिबरल एमआर पार्टी के सदस्यों ने उनका समर्थन नहीं किया.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कानपुर में वकील की देर रात गोली मारकर हत्या

**कानपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में कल देर रात कुछ अज्ञात बदमाशों ने एक वकील को कागज देने के बहाने घर के बाहर बुलाकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार यह सनसनीखेज वारदात थाना नवाबगंज के गंगा नगर इलाके में हुयी। इसमें अज्ञात बदमाशों ने अधिवक्ता राजाराम वर्मा (65) को कागज देने के बहाने घर के बाहर बुलाकर उनकी गोली मारकर हत्या करने के बाद मौके से फरार हो गये। गोली चलने की आवाज सुनकर घर वाले बाहर पहुंचे तो खून से लथपथ जमीन पर पड़े वर्मा को देख परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर उन्हें सर्वोदय नगर स्थित एक प्राइवेट नर्सिंग होम में ले गये। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि वारदात के बाद जब परिजन घर से बाहर पहुंचे तब तक बदमाश वहां से फरार हो चुके थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिवक्ता घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में पुलिस जुटी हुई है। थाना प्रभारी नवाबगंज ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कार पलटने से घायल दो युवकों की मौत

**सतना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के सतना जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र में कार के अनियंत्रित होकर पलट जाने से घायल चार लोगों में से दो युवकों की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कार दुर्घटना में घायल प्रदीप तिवारी और राहुल पांडे नाम के दो युवकों की कल जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी है जबकि दो अन्य की स्थिति चिंताजनक बनी हुयी है। बीती रात जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव के निकट तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई थी। इस हादसे में घायल चार लोगो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### ठंड से बचने धान के पैरे में लगाई गई आग में गिरने से मासूम की मौत

**सतना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के सतना जिले के मैहर थाना क्षेत्र में ठंड से बचने के लिए धान के पैरे (पुआल) में लगायी गयी आग में गिरने से तीन वर्षीय एक बच्चे की मौत हो गयी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले के कुटाई गांव में बीती शाम ठंड़ से बचने के लिये धान के पैरे में आग लगायी गयी थी। इसी दौरान तीन वर्षीय बालक अनुराग चौधरी आग में गिर गया और वह गंभीर रूप से झुलस गया था तथा उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी है।

### दक्षिण कोरिया में एक दिन में कोरोना से हुई 109 मौतें, जल्द हावी हो सकता है ओमिक्रॉन

सियोल ,23 दिसंबर । दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण से 109 लोगों की मौत हो गई और संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अधिकारियों ने आगाह किया है कि अत्यधिक संक्रामक ओमिक्रोन स्वरूप जल्द ही सभी स्वरूप को पीछे छोड़कर हावी हो जाएगा। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 109 लोगों की मौत हो जाने से मृतक संख्या 5015 हो गई है। गंभीर रूप से बीमार मरीजों की संख्या भी 1083 हो गई है।

## सपा नेता के करीबी इत्र कारोबारी के घर,फैक्ट्री,ऑफिस पर छापे,आयकर विभाग ने करोड़ों रुपये की कर अपवंचना पकड़ी

**कानपुर (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के कानपुर में आयकर विभाग ने गुरुवार सुबह सपा नेता पंपी जैन के करीबी इत्र कारोबारी पीयूष जैन के घर,फैक्ट्री, आफिस,कोल्ड स्टोरेज व पेट्रोल पंप पर छापे मारे। आयकर अधिकारियों ने उनके मुंबई और गुजरात स्थित प्रतिष्ठानों पर भी कार्रवाई की है। अधिकारियों के मुताबिक करीब 150 करोड़ रुपये की कर अपवंचना का मामला सामने आ रहा है। यह कर अपवंचना मुख्य रूप से मुखौटा कंपनियों के जरिए की गई।

आनंदपुरी निवासी पीयूष जैन मूलरूप से कन्नौज के छिपत्ती के रहने वाले हैं। उनका वहां घर, इत्र की फैक्ट्री, कोल्ड स्टोर, पेट्रोल पंप भी है। जिस मोहल्ले में वह रहते हैं, वहीं सपा नेता पंपी जैन का भी घर है। पीयूष जैन का मुंबई में भी घर,हेड आफिस और शोरूम है। उनकी कंपनियां भी मुंबई में ही पंजीकृत हैं। उनके खिलाफ छापे की कार्रवाई सुबह 11 बजे एक साथ सभी जगह शुरू हुई। छापे के लिए मुंबई की टीम आई थी। मुंबई की टीम के नेतृत्व में ही कानपुर के आयकर अधिकारियों की टीम ने छापे मारे। छापे के आयकर की टीम नोट गिनने वाली मशीन लेकर अपने साथ आनंदपुरी पहुंची। अधिकारियों के मुताबिक पीयूष जैन की करीब 40 कंपनियां हैं जिनमें दो मिडिल ईस्ट में भी हैं। इनका इत्र कन्नौज में बनता है, वहीं मुंबई में इनका शोरूम है जहां से इत्र को पूरे देश में बेचा जाता है। साथ ही विदेश में निर्यात भी किया जाता है।

छापे के दौरान आयकर अधिकारियों को यह भी पता चला है कि कंपनी ने मुखौटा कंपनियों से काफी लोन लिया। इसके साथ ही कंपनी के विदेशी लेनदेन भी बहुत बड़ी मात्रा में हैं। कंपनी के अधिकारियों ने अपनी ही कंपनियों के शेयर काफी अधिक मूल्य पर प्रीमियम के साथ खरीदे जबकि उनका मूल्य बहुत ही कम था।

## वाहन चालकों को खतरे से अलर्ट करेगा आईटीएस

**» नितिन गडकरी ने की इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम की शुरुआत**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक को कम करने और यात्रियों को बेहतर सुरक्षा मुहैया कराने के लिए एक इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम का उद्घाटन किया। यह एक ऐसा सिस्टम है जो वाहन चालकों को खतरे के बारे में अलर्ट कराएगा और इससे दुर्घटना को रोका जा सकता है।



इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम की शुरुआत करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत को अपनी सड़क इंजीनियरिंग में सुधार करने की जरूरत है क्योंकि हर साल देशभर में 5 लाख दुर्घटनाएं होती है जिसमें लगभग 1.5 लाख लोग मारे जाते हैं। उन्होंने इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम के उद्घाटन को इंडियन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताई। केंद्रीय मंत्री ने आईटीएस को लेकर कहा कि यह एक अत्याधुनिक तकनीक है जो ट्रैफिक की समस्याओं को कम करने, यातायात के बारे में वाहन चालक को पूर्व में सूचना देने के साथ-साथ यह ट्रैवेल में लगने वाले समय को कम करेगा। आईटीएस के जरिए यात्रियों को सड़क पर चलते वक्त बेहतर सुरक्षा के साथ-साथ सफर आरामदायक रहेगा।

**क्या है आईटीएस की खासियत-** दरअसल, आईटीएस के ऐसी तकनीक है जिससे सड़क पर होनी वाली दुर्घटनाओं का पता लगाया जा सकता है। इसके साथ-साथ यह एंबुलेंस के लिए कंट्रोल रूम को अलर्ट भेजता है ताकि दुर्घटना में घायल लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि 135 किमी के इस एक्सप्रेसवे पर कारों की अधिकत गति सीमा 120 किलोमीटर प्रति घंटा है। उन्होंने कहा कि सरकार अलग-अलग श्रेणियों के वाहनों के लिए गति सीमा को संशोधित करने पर काम कर रही है।